Title: Need to formulate a comprehensive plan for all-round development of Bihar.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी): अध्यक्ष जी, बिहार राज्य अब तक पिछड़ा राज्य है। यह राज्य गांवों का राज्य है किंतु यहां की हालत खराब है। यहां के गांवों के घरों में बिजली कनैक्शन केवल 5.57 प्रतिशत ही हैं। प्रदेश में उपलब्ध जल संचय क्षमता का मात्र 37 प्रतिशत ही अभी उपयोग करने की क्षमता सृजन की गयी है। गांवों में टेलीफोन 50 प्रतिशत से कम हैं। यहां के टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 0.85 प्रतिशत ही है। जबकि देश के अन्य राज्यों में यह 15 प्रतिशत तक है। लोगों को रोजगार, उद्योग-धंधों में मात्र 6.7 प्रतिशत ही मिल पा रहा है। इसीलिए यहां की प्रति व्यक्ति आय भी सबसे कम है। अतः इस पिछड़े प्रदेश के विकास के लिए सरकार को एक अलग से योजना तैयार कर लागू करनी आवश्यक है और इस राज्य को पिछड़ा घोति करने की आवश्यकता है।

अतः मेरा केन्द सरकार से अनुरोध है कि वह इस दिशा में अविलम्ब कदम उठाये।